हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 22/09/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे आहूत 33वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

1.	प्रोफेसर समशेर कुलपति एवम् अध्यक्ष, वित्त समिति एच0बी0टी0यू0 कानपुर।	अध्यक्ष
2.	श्री प्रभाकर चन्द्र मिश्रा (वीडियो कान्फेन्सिग) (प्रतिनिधि–प्रमुख सचिव,प्राविधिक शिक्षा) विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।	सदस्य
3.	श्रीमती यज्ञेश सिंह (वीडियो कान्फेन्सिग) (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त) अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल कानपुर।	सदस्य
4.	श्री अमित कुमार राठौर कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।	सदस्य
5.	श्री साहित्य कुमार कटियार वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।	सदस्य–सचिव
6.	श्रीमती शालिनी सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी, एच0बी0टी0टी0यू0, कानपुर	विशेष आंमत्री

माननीय अध्यक्ष, वित्त समिति द्वारा बैठक में आन लाइन/आफ लाइन प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया। स्वागतोपरान्त मा0 अध्यक्ष, वित्त समिति ने विश्वविद्यालय की वित्त समिति की विगत बैठक के उपरान्त विश्वविद्यालय की वर्तमान वित्त समिति के बैठक के मध्य हुई शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों से मा0 सदस्यों को विस्तार–पूर्वक निम्नवत् अवगत कराया:–

1. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार शैक्षणिक सत्र् 2026–27 का प्रारम्भ माह जुलाई 22, 2026 से हो चुका है।
2. प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और कुछ सीटों को छोड़कर लगभग सभी सीटें भर चुकी हैं। इस वष कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग में B.Tech. in AI/ML तथा इलेक्ट्रानिक्स

Scanned with OKEN Scanner

इंजीनियरिंग विभाग में M.Tech. in Singal Processing & Machine Learning शुरू किया गया।

3. नव प्रवेशित छात्रों हेतु 10 दिनों का इन्डक्शन प्रोग्राम कराया गया, जिसमें विभिन्न विषयों में जानकारी दी गयी।

4. इस शैक्षिक सत्र में अभीतक 20 कम्पनियों द्वारा 109 छात्रों को प्लेसमेन्ट प्राप्त हुये हैं।

5. NABL Expert Tean द्वारा 22–23 अगस्त, 2026 को पेंट टेक्नोलॉजी विभाग का दौरा किया गया और इसकी एक प्रयोगशालाको 16 मापदंडों के लिए NABL की मान्यता प्राप्त हेतु संस्तुति की है।

6. सितम्बर 12–13, 2026 को AI मन्थन–2.0 का आयोजन सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय में किया गया, जिसका खर्च सभी 40 विष्वविद्यालयों द्वारा वहन किया गया तथा सभी विश्वविद्यालयों से लगभग10 शिक्षकों/अधिकारियों ने भाग लेकर AI के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

7. सहायक प्रोफेसर (ऑन कान्ट्रेक्ट) की भर्ती पूरी हो चुकी है और 88 संकाय सदस्य विश्वविद्यालय में ज्वाइन कर चुके हैं।इसी के साथ 02 प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस, 04 एडजंक्ट प्रोफेसर, 01 विजिटिंग प्रोफेसर तथा 01 इमेरिटस प्रोफेसर भर्ती किये गये हैं।

8. विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 10/07/2026 को आयोजित किया गया था।समारोह की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने की। 996 डिग्री, 81 माइनर डिग्री प्रदान की जा चुकी हैं।डिग्रियां तथा मार्कशीट्स डिजिलॉकर में अपलोड कर दी गई हैं।

9. नये 100 टी0बी0 मरीजों को एडॉप्ट किया गया तथा पोषण पोटली दी जा रही है। पिछले वर्ष 43 पेशेन्ट ठीक हो चुके हैं।

10. गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीक्षान्त समारोह के दिन 100 आंगनबाड़ी किट बांटी गयी है।

11. विष्वविद्यालय में "Centre of Excellence in AI" की स्थापना हेतु हमने शासन को सहमति दी है, जिसमें रू0 08.00 करोड़ भारत सरकार, रू0 08.00 करोड़ उ0प्र0 शासन और रू0 04. 00 करोड़ इन्डस्ट्री पार्टनर अथवा विश्वविद्यालय द्वारा दिये जायेगें।

12. Start-in UP से HBTU-TBI को अक्टूबर, 2025 से अनुदान प्रतिपूर्ति के आधार पर आना शुरू हो गयी है तथा रू0 2.5 लाख से बढ़कर रू0 10 लाख प्रतितिमाहीहोगयीहै। यह योजना 05 वर्षों के लिये है।

13. विष्वविद्यालय में एलोपैथिक के साथ राजकीय होम्योपैथिक कालेज, कानपुर के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के चिकित्सालय में छात्रों तथा विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों हेतु हर बुधवार को होम्योपैथिक ओ0पी0डी0 शुरू की गयी।

14. विष्वविद्यालय के सभी शिक्षकों हेतु CO/PO मैपिंग में 03 दिवसीय कार्यशाला (22--24 अगस्त, 2026 के मध्य) सम्पन्न की गयी।

Scanned with OKEN Scanner

15. 04 टेनिस कोर्ट/01 टाइप–5 क्वार्टर/स्कूल ऑफ इन्टरप्रिन्योरशिप एण्ड मैनेजमेन्ट स्टडीज के 15 क्लासरूम/कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के 04 क्लारूम/इन्नोवशन बिल्डिंग बनकर छात्रों हेतु तैयार हो गये है तथा मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा इनका उद्घाटन कर दिया गया है।साथ ही साथ HBTU मित्र, ब्रान्चचेंज साफ्टवेयर, छात्रावास एलॉटमेन्ट सिस्टम, फीस एनालाइजर एवं वेरीफायर साफ्टवेयर का भी शुभारंभ हुआ।

16. छात्रों की छात्रावास की मांग को देखते हुये 100 बेड के दो छात्रावासों के साथ–साथ कॉमन रूमों का भी पार्टीशन करके अन्य लगभग 100 छात्रों को दिया गया।

17. एक छात्रावास में किचन आटोमेशन का कार्य पूरा हो चुका है (एल्यूमिनी द्वारा), अगले चार छात्रावासों में (विश्वविद्यालय फण्ड से 2 छात्रावास, एक और एल्युमिनी द्वारा, एक "वर्ष 2000 बैच" के एल्युमिनी द्वारा) लगाई जानी है तथा सभी छात्रावासों में वाशिंग मशीन लगाने की प्रक्रिया चल रही है।

18. 33/11 केवी सबस्टेशन, 1.5 मेगावॉट सोलर, बैडमिंटनहॉल, टेबलटेनिस, स्टडी कक्ष, एक छात्र एवं छात्रा छात्रावासों, टाइप–4 के आवासों का काम तेजी से चल रहा है तथा शीघ्र ही उद्घाटन किया जायेगा।

19. नई बस खरीदने की प्रकिया चल रही है तथा दिसम्बर 2026 तक आने की आशा है। इस प्रकार पश्चिमी प्रांगण में रह रहे लगभग 1000 छात्रों तथा शिक्षकों हेतु आवागमन सुगम हो जायेगा

20. रूसा से कुछ अनुदान प्राप्त हो गया है तथा कय प्रकिया चल रही है।

21. निष्प्रयोज्य सामानों की लिस्ट विभागों से लेकर नीलामी हेतु कार्यवाही की जा रही है।

33.01. हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 29/06/2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे सम्पन्न 32वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 29/06/2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे सम्पन्न 32वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर समिति के किसी मा0 सदस्य से कोई टिप्पणी/टीकाएं प्राप्त न होने के दृष्टिगत कार्यवृत्त को पुष्टिकरण किया गया।

33.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 29/06/2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे सम्पन्न 32वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।

समिति हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 29/06/2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे सम्पन्न 32वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित कृत कार्यवाहियों से संज्ञानित हुई तथा सन्तोष व्यक्त किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

33.03 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर का वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक बजट के अन्तर्गत वेतन–भत्ते के मद में माह सितम्बर 2026 तक व्यय एवं गैर वेतन मद में दिनांक 14 सितम्बर 2026 तक का व्यय सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार।

समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के अनुमोदित आय–व्ययक का अवलोकन तथा व्यय पर सम्यक अनुमोदन प्रदान किया गया। निम्नवत् है:

(क)	आयोजनेत्तर/राजस्व मद	वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुमोदित आय– व्ययक बजट	वित्तीय वर्ष 2026–27 में दिनांक 14 सितम्बर, 2026 तक व्यय
1	वेतन भत्ते		
	(अ) शिक्षक		
	(क) वेतन	2500.00	1076.90
	(ख) महगाई भत्ता	1200.00	565.08
	(ग) अन्य भत्ते	130.00	55.11
	(घ) एरियर सातवां वेतनमान	138.06	0.00
	(ङ) कैस प्रोन्नत+अन्य एरियर	100.00	19.56
	योग	**4068.06**	**1716.65**
	(ब) प्रशासन		
	(क) वेतन	180.00	74.86
	(ख) महँगाई भत्ता	90.00	44.21
	(ग) अन्य भत्ते	10.00	2.03
	(घ) चयन प्रोन्नत+अन्य एरियर	25.00	1.45
	योग	305.00	**122.55**
	(स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी		
	(क) वेतन	750.00	276.28
	(ख) महगाई भत्ता	370.00	167.36
	(ग) अन्य भत्ते	80.00	15.17
	(घ) आउट सोर्सिंग	400.00	197.06
	(ढ) एरियर	50.00	2.08
	योग	**1650.00**	**657.95**
	(द)एन0पी0एस0	350.00	103.09
	योग–य=(अ+ब+स+द)	6373.06	**2600.24**
	विश्वविद्यालय में संचालित स्व–वित्तपोषित कार्यक्रम		
	(र) वेतन प्राध्यापक (बी0फार्मा0/बायो–टेक/एम0एस0सी0)	**50.00**	**47.60**
	(ल) एस0ओ0ई0 एण्ड एम0		
	1. वेतन (प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता)	180.00	83.78
	2. वेतन (स्टाफ)	30.00	14.52
	3. अन्य भत्ते	1.00	0.10
	4. वेतन (आउटसोर्स)	22.00	10.43
	योग	**233.00**	**108.83**
	कुल योग (य+र+ल)	**6656.06**	**2756.67**

Scanned with OKEN Scanner

(ख)	मद	वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक बजट	वित्तीय वर्ष 2026–27 में दिनांक 14 सितम्बर, 2026 तक व्यय
2	यात्रा व्यय	15.00	1.92
3	कार्यालय व्यय	40.00	0.27
4	टेलीफोन व्यय	7.00	1.81
5	गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद	35.00	17.34
6	व्यवसायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान	30.00	4.45
7	विज्ञापन	80.00	3.87
8	छात्रवृत्ति / फेलोशिप	190.00	79.80
9	भवन किराया, गृह कर, जल कर/जल प्रभार आदि	175.00	76.84
10	भवनों/सड़कों/अतिथि गृह/33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन, मरम्मत एवं मशीनों आदि का रखरखाव	1400.00	38.59
11	विभागों हेतु उपकरणों, प्रयोगशाला संचालन, लेखन सामग्री व आर0 एण्ड डी कियाकलाप, सेमिनार में प्रतिभाग, आयोजन एवं कार्यालय व विविध व्यय एवं लघु एवं सूक्ष्म मरम्मत आदि हेतु	900.00	358.98
12	विद्युत व्यय	350.00	130.43
13	औषधियों एवं चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय	30.00	6.47
14	शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति	15.00	10.13
15	सुरक्षा गार्ड व्यवस्था	400.00	148.77
16	परीक्षा संचालन	75.00	4.20
17	प्रत्यायन शुल्क	30.00	0.00
18	विवेकाधीन कोष–माननीय कुलपति महोदय	10.00	0.00
19	कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एवं विभिन्न समितियों के आयोजन हेतु	20.00	2.21
20	वाहन का कय	100.00	0.00
21	आटोमेशन कार्य	10.00	0.00
22	गोपनीय व्यय	10.00	1.72
23	छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि।	600.00	127.13
24	विश्वविद्यालय छात्र कियाकलाप परिषद के व्यय हेतु	110.00	103.88
25	ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय (संचालन एवं स्थापना पर व्यय)	40.00	1.11
26	इन्टरनेट शुल्क	125.00	61.12
27	पुस्तकालय व्यय	100.00	2.33
28	विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण/ अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन,छात्रावास, भवन एवं सड़क निर्माण एवं विस्तार तथा नवीन प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्यो हेतु व्यय	2500.00	1596.86
29	काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय	75.00	0.50
30	दीक्षान्त समारोह व्यय	55.00	44.08
A	योग	**7527.00**	**2824.81**
31	बी0फार्मा0 /बायो–टेक के लिए उपकरण एवं अन्य व्यय हेतु	50.00	0.00
32	सुरक्षा गार्ड व्यवस्था (एस.ओ.ई.एम.)	14.00	5.12
33	एस0ओ0ई0 एण्ड एम0 के अन्तर्गत अन्य व्यय	1.00	0.85

Scanned with OKEN Scanner

B	योग	65.00	5.97
	कुल योग (A+B)	7592.00	2830.78
	महायोग (क+ख)	14248.06	5587.45
	विश्वविद्यालय की प्राप्तियाँ		
क्रमांक	मद	वित्तीय वर्ष 2026–27 में अनुमान प्राप्तियाँ	वित्तीय वर्ष 2026–27 में अनुमान प्राप्तियाँ
1	विश्वविद्यालय फीस + अन्य अनुमानित आय	8860.87	8860.87
2	शासन द्वारा वेतन भत्ते के लिए अनुदानित धनराशि	4270.15	3500.00
3	शासन से गैर वेतन भत्ते हेतु अनुदानित धनराशि	26.11	26.11
4	शासन से एन0पी0एस0 नियोक्ता अंशदान हेतु अनुदानित धनराशि	222.92	222.92
5	शासन से शिक्षको के सातवे वेतन के एरियर का भुगतान के सापेक्ष वर्ष 2026–27 के लिए प्राविधानित अनुदान धनराशि	138.06	138.06
6	वित्तीय वर्ष 2025–26 की अनुमान बचत को वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय में दर्शाया गया है।	2073.99	2073.99
	योग	15592.10	14821.95
	बचत	1344.04	

	आयोजनागत/पूँजीगत (शासन के आय–व्ययक में प्रावधान/अनुमान)		
क0		वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए वास्तविक प्राप्तियां	वित्तीय वर्ष 2026–27 में दिनांक 14 सितम्बर, 2026 तक व्यय
1	वृहत निर्माण कार्य	191.15	व्यय प्रक्रियाधीन है।
	योग	191.15	
क0	मद	वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्राविधान	वित्तीय वर्ष 2026–27 में दिनांक 14सितम्बर 2026 तक व्यय
1	रूसा अनुदान	703.60	521.14

33:04 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के टैगोर केन्द्रीय पुस्तकालय में डिप्लोमा एवं स्नातक अप्रेंटिस ट्रेनी के स्टाइपेन्ड में बढ़ोत्तरी किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र) कानपुर के सरकुलर संख्या: BT/AA/Revised Stipend/2026/78 Date:14/05/2026 के अधीन डिप्लोमा एवं स्नातक अप्रेंटिस ट्रेनी के स्टाइपेन्ड की दिनांक 01/04/2026 से Revised धनराशियाँ को विश्वविद्यालय में वित्तीय वर्ष 2026–27 से लागू करने एवं कालम 03 पर Revised Stipend में से 50 प्रतिशत धनराशि विश्वविद्यालय एवं 50 प्रतिशत धनराशि का भुगतान शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र) कानपुर द्वारा किए जाने पर निम्नवत् अनुमोदन प्रदान किया गया:

Category	Existing stipend (per month) w.e.f. 01.04.2021	Revised stipend (per month) as per gazette notification
1	2	3
Tecnician apprentics or diploma holder in any steam or sancdwich course(students from degree institutions)	Rs.8000/-	Rs. 10900/-
Graduate apprentics or degree apprentics or degree in any stream	Rs.9000/-	Rs. 12300/-

Scanned with OKEN Scanner

33:05 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर शिशिक्षु अधिनियम (यथा संशोधित 2025) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत न्यूनतम वृत्तिका की रकम में बढ़ोत्तरी किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय नई दिल्ली के फाइल नं0 डी.जी.टी.–36/1/2021–ए.पी.(कम्प्यूटर नं0 ई–38255) दिनांक 23/09/2025 के अधीन आई0टी0आई0 प्रशिक्षित शिशिक्षुओं की वृत्तिका में बढ़ोत्तरी किए जाने के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य प्रशिक्षण अवधि (01 वर्ष अधिकतम) में वृत्तिका की धनराशि रू0 7000/– के स्थान पर रू0 9600/–प्रतिमाह वृत्तिका का भुगतान दिनांक 23.06.2026 से किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

33:06 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की विद्या परिषद की 22वी बैठक दिनांक 14.11.2024 के अन्तर्गत लिए निर्णय के कम में विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा पुनः प्रवेश लिए जाने पर शिक्षण शुल्क की निर्धारित दरों से संबंधी प्रस्ताव पर विचार।

समिति द्वारा विश्वविद्यालय में (Re-admission of failed/detained) सभी विधा के छात्र–छात्राओं द्वारा पुनः प्रवेश लिए जाने के दृष्टिगत निर्धारित शिक्षण शुल्क में किए गए Ratification सम्बन्धी प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा निम्नवत् शिक्षण शुल्क एवं परीक्षा शुल्क छात्र–छात्राओं से लिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया:

Sl.	Programme	Tution fees	One Third of Tuition fee (R.off)	Examination fee (Rs.)	Total fee Payable (Rs.)
1	B.Tech./B.Pharma.	75000	25000	7000	32000
2	BBA/BS-MS	35000	11700	5000	16700
3	MCA	60000	20000	7000	27000
4	M.Tech.	40000	13400	5000	18400
5	MBA	80000	26700	7000	33700
6	M.Sc.(Mathematics/Physics/ Chemistry)	15000	5000	5000	10000
7	M.Sc.(Biochemistry/ Biotechnology)	40000	13400	6000	19400

Scanned with OKEN Scanner

33:07 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के Service for Deployment, Operation and Management of 01 Smart Mobile Medical Unit का आरम्भ किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।

समिति द्वारा जन भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा समय–समय पर आयोजित समीक्षा बैठकों तथा राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्याःई–6029/32–जी.एस./2025 दिनांक 03 सितम्बर, 2026 के आलोक में हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा बुनियादी स्वास्थ्य परीक्षण, डायग्नोस्टिक सहायता एवं आवश्यक औषधियों को उपलब्ध कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा 01 स्मार्ट मोबाइल मेडिकल यूनिट का क्रय जेम से किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति द्वारा 01 स्मार्ट मोबाइल मेडिकल यूनिट का क्रय वित्तीय वर्ष 2026–27 में किए के अन्तर्गत वार्षिक अनुमानित वित्तीय व्यय भार लगभग रू0 1,08,00,000.00 आने की सम्भावना के दृष्टिगत चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 की आगामी वित्त समिति की बैठक में विश्वविद्यालय के अनुमोदित बजट के अन्तर्गत उपलब्ध बचत के सापेक्ष पुर्नविनियोग के माध्यम से अवस्थापना में धनराशि की व्यवस्थानुसार जेम से क्रय प्रक्रिया को पूर्ण किये जाने का निर्देश प्रदान किया गया।

33.08 शैक्षिक सत्र् 2026–27 से विश्वविद्यालय के छात्रावास मदों में पुनरीक्षित शुल्क लिये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।

समिति द्वारा शैक्षिक सत्र् 2026–27 से विश्वविद्यालय के छात्रावास मदों में पुनरीक्षित शुल्क लिये जाने संबंधी प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत् पुनरीक्षित शुल्क लिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

क्र0	मद	पूर्व निर्धारित शुल्क	पुनरीक्षित शुल्क
1	छात्रावास शुल्क	रू0 23500/–	रू0 25000/–
2	छात्रावास मेस शुल्क	रू0 36000/–	रू0 38000/–
3	अधिष्ठाता छात्र कल्याण	रू0 3750/–	रू0 4500/–

33.09 मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।

3:09:01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के भवन निर्माण समिति की दिनांक 19/09/2026 को सम्पन्न 20वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के भवन निर्माण समिति की दिनांक 19/09/2026 को आहूत 20वीं बैठक में लिये गये निर्णयों से संबंधित कार्यवृत्त पर विस्तृत चर्चा करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति ने प्राथमिकता एवं बजट की उपलब्धता के आधार पर विश्वविद्यालय में फार्मेसी हेतु नवीन भवन के निर्माण हेतु आगणित धनराशि रू0 2820.96 लाख को विश्वविद्यालय की बचतों से निर्माण कार्य को चरण–बद्ध पूर्ण कराये जाने तथा शेष कार्य आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय बचत से कराने हेतु निर्देश दिया।

(साहित्य कुमार कटियार)
वित्त नियंत्रक एवं सदस्य सचिव
एच0बी0टी0यू0 कानपुर

Scanned with OKEN Scanner